भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †1166

उत्तर देने की तारीख- 11/12/2023

पीवीटीजी एवं वीबीएसवाई

†1166. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 24,000 करोड़ रुपए की योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीएम-पीवीटीजी) विकास मिशन और जनजातीय जिलों में अंतिम मील तक सरकारी योजनाओं की संतृप्ति पर केन्द्रित विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि पीएमपीवीटीजी मिशन का उद्देश्य तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले सहित 22,500 गांवों में 11 प्रमुख कार्यक्रमों को लाना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री बिश्वेश्वर टुडु)

(क) तथा (ख): सरकार ने हाल ही में 15 नवंबर 2023 को प्रधान मंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) शुरू किया है, जिसे जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। लगभग 24,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय वाले इस मिशन का लक्ष्य 3 वर्षों में समयबद्ध तरीके से पीवीटीजी घरों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा तक बेहतर पहुंच, स्वास्थ्य एवं पोषण सड़क तथा दूरसंचार कनेक्टिविटी, गैर-विद्युतीकृत आवासों के विद्युतीकरण और स्थायी आजीविका के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करना है।

15 नवंबर, 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री द्वारा खूंटी, रांची से विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) का भी शुभारंभ किया गया। वीबीएसवाई का उद्देश्य लोगों तक पहुंचना, जागरूकता पैदा करना और स्वास्थ्य, वित्तीय समावेशन, आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना, पीएम आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम उज्ज्वला, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पोषण अभियान, हर घर नल जल आदि से संबंधित भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। वीबीएसवाई धरती कहे पुकार के जैसे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्राकृतिक खेती, मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना, उपलब्धि हासिल करने वालों का सम्मान, स्वास्थ्य शिविर, टीबी स्क्रीनिंग, सिकल सेल परीक्षण और उज्ज्वला योजना के लिए नामांकन और माई युवा भारत स्वयंसेवकों के नामांकन का पंजीकरण के बारे में भी जागरूकता पैदा करता है ।

(ग) तथा (घ): पीएम-जनमन इस उद्देश्य के लिए विकसित मोबाइल ऐप के माध्यम से मौजूदा अंतरों के आधार पर सभी पात्र पीवीटीजी लाभार्थियों / पीवीटीजी गांवों और बस्तियों को कवर करने के लिए 11 महत्वपूर्ण उपायों पर केंद्रित है।

*****